# महाकाल की करले पूजा | By Sunny Hari

महाकाल की करले पूजा देख तुझे क्या मिलता है
दुनिया के कोने कोने में मेरे शिव का सिक्का चलता है

शिव के नाम से जैसे भी संकट हो पल में कट जाए
जो भी जिसके सर पे हो वो गम के बादल छंट जाए
महाकाल के नाम से संकट अपने हाथ को मलता है
दुनिया के कोने कोने में मेरे शिव का सिक्का चलता है

तेरा नाम है सबको प्यारा तू तो औघड़ दानी है
तेरी महिमा अद्भुत भोले, अद्भुत तेरी कहानी है
नहीं कोई है तुझ सा भोले सारा जहाँ ये कहता है
दुनिया के कोने कोने में मेरे शिव का सिक्का चलता है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%aa%e0%a5%82%e0%a4%9c%e0%a4%be-by-sunny-hari/